भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 06 का उत्तर

बांकुड़ा-मसाग्राम रेलवे लाइन के संबंध में विकासात्मक कार्य

6. श्री सौमित्र खान:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बांकुड़ा-मसाग्राम रेलवे लाइन के संबंध में विभिन्न विकासात्मक कार्य पूरे कर लिए गए हैं;
(ख) यदि हां, तो अब तक पूरे किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): बांकुड़ा-मसग्राम (116.90 किमी) जिसमें बांकुड़ा-रायनगर आमान परिवर्तन (96 किमी) और रायनगर-मसग्राम नई लाइन (20.90 किमी) शामिल है, को 2005-06 से 2013-14 तक चरणों में चालू किया गया है। लाइन को चालू करने के बाद निम्नलिखित विकास कार्य किए गए हैं:-

1. **सोनामुखी और बोवाईचांदी रेलवे स्टेशनों पर 2 अतिरिक्त लूप, एक अतिरिक्त प्लेटफॉर्म और फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) और अन्य विविध कार्यों के साथ क्रॉसिंग स्टेशन।**
2. **बांकुड़ा-रायनगर रेल लाइन का विद्युतीकरण।**

इसके अतिरिक्त, विकासात्मक कार्य सतत प्रक्रिया है।

****

s.k